II-157
C.J.

WitnessNo........08...........For...अभियोजन साक्ष्य....Deposition taken the 16/08/2024 day of ..........Witness's apparent age .......63...
States on affirmation.......my name is ...........अनुप बाजपेयी..............
Son of ......स्व. चंद्रभूषण बाजपेयी.....Occupation.........सेवानिवृत्त एसडीओपी...
address.......पता– रविनगर शुक्ला कॉलोनी, रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग).............

**नोट – आज दिनांक 16.08.2024 को साक्षी अनुप बाजपेयी सेवानिवृत्त एसडीओपी जिला न्यायालय रायपुर से वी०सी० से उपस्थित ।**

**मुख्यपरीक्षण द्वारा श्री राजनारायण त्रिपाठी, लोक अभियोजक**

**समय 03.20 बजे**

**1–** मैं वर्ष 2021 से जुलाई 2023 तक उप पुलिस अधीक्षक जिला मुख्यालय बलौदाबाजार के पद पर पदस्थ था ।

**2–** थाना गिधपुरी के अपराध क्रमांक 97/2022 में एट्रोसिटीज एक्ट की धारा जुडने के कारण केस डायरी मेरे पास विवेचना हेतु भेजी गयी थी । मैंने विवेचना के दौरान दिनांक 23.11.2022 को आरोपी से एक लोहे का रॉड 8mm लंबाई थी गवाहों के समक्ष जप्त कर जप्ती पत्रक **प्रदर्श पी–10** तैयार किया था जिस पर अ से अ भाग पर मेरे तथा ब से ब भाग पर हस्ताक्षर है । मैंने इसी दिन आरोपीगण को गवाहों के समक्ष गिरफ्तार कर गिरफ्तारी पत्रक **प्रदर्श पी–11 व 12** तैयार किया था जिस पर अ से अ भाग पर मेरे तथा ब से ब भाग पर आरोपी के हस्ताक्षर हैं । मैंने आरोपीगण की गिरफ्तारी की सूचना उसके परिजन को दिया था

जो **प्रदर्श पी–13 व 14** है जिस पर अ से अ भाग पर मेरे हस्ताक्षर हैं । इसके बाद सेवानिवृत्त होने के कारण मैंने केस डायरी वापस सौंप दिया था ।

**प्रति–परीक्षण द्वारा श्री बी०सी० कैवर्त्य, अधिवक्ता वास्ते आरोपीगण**

**3–** यह कहना सही है कि मैंने जप्ती के गवाहों को नोटिस देकर नहीं बुलवाया था । यह कहना सही है कि मैंने संपत्ति जप्ती के कार्यवाही में दसवां महीना को काटकर ग्यारहवां लिखकर काट–छांट किया है तथा उसमें लघु हस्ताक्षर नहीं है । स्वतः कहा कि मेरे हस्ताक्षर के नीचे दिन, तारीख व महीना लिखा है । यह कहना गलत है कि मैंने गवाहों से आरोपी से कोरे कागजों में हस्ताक्षर लिया है । यह कहना गलत है कि मैंने गवाहों के सामने कोई कार्यवाही नहीं किया है ।

**समय 03.40 बजे ।**

**साक्षी को बयान पढ़कर सुनाया गया सही होना स्वीकार किया।**

**sd/-**

**(राकेश बिहारी घोरे)**
**विशेष न्यायाधीश(एट्रोसिटीज)**
**बलौदाबाजार (छ.ग.)**

**मेरे निर्देश पर टंकित किया गया।**

**sd/-**

**(राकेश बिहारी घोरे)**
**विशेष न्यायाधीश(एट्रोसिटीज)**
**बलौदाबाजार (छ.ग.)**